भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 2648
21 दिसंबर, 2021 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

सफदरजंग अस्पताल में सीनियर फिजियोथेरेपिस्ट के रिक्त पद

2648. श्री राम नाथ ठाकुरः

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या जनवरी, 2020 से सफदरजंग अस्पताल में सीनियर फिजियोथेरेपिस्ट पद पर रिक्ति बनी हुई है;

(ख) क्या इस रिक्ति को भरने के लिए पात्र उम्मीदवार उपलब्ध है;

(ग) क्या आरक्षण रोस्टर, वरिष्ठता सूची आदि उपलब्ध हैं;

(घ) क्या आरक्षण रोस्टर को ध्यान में रखा गया है; और

(ड) यदि हां, तो पद रिक्त रहने के क्या कारण हैं?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क) से (ड़): सफदरजंग अस्पताल में जनवरी, 2020 से सीनियर फिजियोथेरेपिस्ट का एक पद रिक्त है। आरक्षण रोस्टर और वरिष्ठता सूची के अनुसार इस पद को भरने का प्रस्ताव संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के पास है।

******